## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. बीस नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए कल शाम समाप्त हो जाएगा चुनाव प्रचार।
2. एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संताल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर।
3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज गोमिया, सिंदरी और नाला में चुनावी रैलियों को करेंगे संबोधित, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे छह चुनावी जनसभा।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हेमंत सोरेन सरकार पर केन्द्र सरकार की ओर से भेजी गयी राशि के दुरूपयोग का लगाया आरोप।
5. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया पलटवार, कहा–केन्द्र सरकार, झारखंड के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संताल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर चल रहा है।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज गोमिया, सिंदरी और नाला में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। दूसरी ओर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्य भर में छह रैलियों को संबोधित करने कार्यक्रम है। उधर, कांग्रेस राज्यभर में कई बैठकें करने वाली है। राजद नेता तेजस्वी यादव भी धनबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह चौहान, हिमंत बिस्व सरमा और चंपाई सोरेन सहित कई भाजपा नेता भी एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे। आजसू पार्टी और वामपंथी दलों के नेता भी झारखंड के विभिन्न हिस्सों में रैलियां और रोड शो कर सकते हैं। राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा, मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दुमका, देवघर और गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने देवघर के मधुपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर केन्द्र सरकार द्वारा भेजी गयी राशि के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

*****************

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जामताड़ा और रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री खरगे ने जामताड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार पर पलटवार किया और झारखंड की खनिज संपदाओं की बकाया टैक्स राशि नहीं देने का आरोप लगाया।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी दुमका जिले की विधानसभा सीटों की जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

*****************

साहिबगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। औऱ जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

*****************

अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने चुनावी रैलियों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने शिवराज सिंह चौहान के हवाले से लिखा है–घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे, देश धर्मशाला नहीं है।

हिंदुस्तान के शब्द हैं–घुसपैठियों को चुन–चुनकरबाहर करेगी भाजपा।

अग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है कि हेमंत सरकार नहीं कर रही घुसपैठियों की पहचान।

दैनिक जागरण ने हेमंत सोरेन की चुनावी सभा की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने निरंजन राय की भाजपा में वापसी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में पांच माओवादियों के मारे जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त*******